# बिहार लोक सेवा आयोग

# 63वीं प्रारंभिक परीक्षा-2018

# मॉडल पेपर-1 (सामान्य अध्ययन)

**समयः 2 घंटे** **अधिकतम अंकः 200**

1. मातृत्व लाभ अधिनियम के अंतर्गत किये गए संशोधनों में महिलाओं के लिये कितने सप्ताह के सवैतनिक प्रसूति अवकाश का प्रावधान किया गया है?
   (a) 12 सप्ताह (b) 24 सप्ताह
   (c) 26 सप्ताह (d) 30 सप्ताह
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

2. केंद्र सरकार द्वारा डाक टिकट संग्रह को प्रोत्साहन देने के लिये किस योजना का शुभारंभ किया गया है?
   (a) डाक टिकट संग्रहण एवं संरक्षण योजना
   (b) दीनदयाल 'स्पर्श' योजना
   (c) महात्मा गांधी 'फिलैटली' योजना
   (d) 'उड़ान' योजना
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

3. रोहिंग्या मुसलमान शरणार्थियों के कारण बांग्लादेश में उत्पन्न मानवीय संकट का सामना करने में सहायता करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा चलाया गया कार्यक्रम है-
   (a) ऑपरेशन इंसानियत (b) ऑपरेशन राहत
   (c) ऑपरेशन मैत्री (d) मिशन सहयोग
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

4. 'दरवाज़ा बंद अभियान' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
   (a) देश भर के गाँवों में शौचालयों के प्रयोग को बढ़ावा देने से
   (b) वन के निकट गाँवों में लोगों को खतरनाक एवं नरभक्षी पशुओं से सुरक्षा के उद्देश्यों से
   (c) जम्मू एवं कश्मीर में पत्थरबाज़ों के बचाव से
   (d) शीत प्रदेशों में बर्फीली हवाओं के बचाव से
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

5. समाचारों में आने वाला 'केयरिंग्स पोर्टल' का संबंध किससे है?
   (a) सरकार के स्वच्छता अभियान संबंधी पोर्टल से
   (b) सरकार के एडॉप्शन पोर्टल से
   (c) सरकार के स्वास्थ्य पोर्टल से
   (d) सभी के लिये शिक्षा संबंधी पोर्टल से
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

6. **चित्तले समिति** संबंधित है-
   (a) संवैधानिक सुधारों से
   (b) पश्चिमी घाटों के संरक्षण से
   (c) गंगा नदी की गाद साफ करने से
   (d) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग से
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

7. हाल ही में निम्नलिखित में से किस देश को नाटो के 29वें सदस्य के रूप में शामिल किया गया है?
   (a) यूगोस्लाविया (b) मोंटेनेग्रो
   (c) यूक्रेन (d) इज़राइल
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

8. यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति की 41वीं बैठक में भारत के किस ऐतिहासिक शहर को विश्व विरासत सूची (सांस्कृतिक) में शामिल किया गया?
   (a) बोधगया (b) अहमदाबाद
   (c) वाराणसी (d) अमरावती
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

9. भारत में 36वें राष्ट्रीय खेल का आयोजन प्रस्तावित है-
   (a) गुजरात में (b) बिहार में
   (c) गोवा में (d) सिक्किम में
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

10. फीफा विश्व कप का 21वाँ संस्करण 2018 में किस देश में आयोजित किया जा रहा है?
    (a) रूस में (b) ब्राजील में
    (c) अर्जेंटीना में (d) जर्मनी में
    (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

11. वर्ष 2017 का प्रतिष्ठित 'इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार' किसे प्रदान किया गया?
    (a) इलाभट्ट (b) इसरो को
    (c) डॉ. मनमोहन सिंह को (d) ममता कालिया को
    (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

12. 'शी-बॉक्स' (SHe Box) है-
   (a) वायुयान में इस्तेमाल किया जाने वाला खुफिया बॉक्स
   (b) कार्यस्थल पर महिला कर्मियों के यौन उत्पीड़न की ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन प्रणाली
   (c) शैक्षणिक स्थल पर महिलाओं के लिये विशेष 'फर्स्ट एड' प्रबंधन प्रणाली
   (d) आधुनिक हथियार में इस्तेमाल किया जाने वाला एक डिजिटल तकनीक
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

13. चीन के सान्या में संपन्न हुई मिस वर्ल्ड सौंदर्य प्रतियोगिता, 2017 का खिताब किसे दिया गया?
   (a) एंड्रिया मेजा (b) स्टेफनी हिल
   (c) मानुषी छिल्लर (d) डेमी-ले-नेल पीटर्स
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

14. जंगली जानवरों के प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर सम्मेलन के बारहवें सत्र का आयोजन निम्नलिखित में से किस देश में किया गया?
   (a) फिलीपींस (b) भारत
   (c) इंडोनेशिया (d) सिंगापुर
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

15. वर्ष 2017 में निम्नलिखित में से किस ऐतिहासिक घटना की 75वीं वर्षगाँठ मनाई गई?
   (a) असहयोग आंदोलन (b) दांडी यात्रा
   (c) भारत छोड़ो आंदोलन (d) चंपारण सत्याग्रह
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

16. हाल ही में सऊदी अरब की सरकार ने निम्नलिखित में से किस ह्यूमैन्वॉयड रोबोट को नागरिकता प्रदान की?
   (a) हसीबा (b) सोफिया
   (c) आबिदा (d) शाहीन
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

17. नवंबर 2017 में भारतीय और कज़ाखस्तान की सेना के बीच संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास आयोजित किया गया-
   (a) प्रबल दोस्तक (b) ब्लू फ्लैग
   (c) संप्रीति (d) DANX
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

18. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन प्रक्षेपित उपग्रह GSAT-6A के बारे में सही नहीं है?
   (a) यह एक उच्च शक्ति, एस-बैंड (S-Band) का संचार उपग्रह है।
   (b) यह उपग्रह एस और सी-बैंड के ट्रांसपोंडर से युक्त है।
   (c) इस उपग्रह का प्रक्षेपण 'सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र' श्रीहरिकोटा से किया गया।
   (d) इस मिशन का जीवनकाल लगभग 3 वर्षों तक का है।
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

19. 'इंटरस्टीटियम', जो कि हाल ही में वैज्ञानिकों द्वारा खोजा गया, है-
   (a) मानव शरीर में एक नवीनतम अंग
   (b) कैंसर की नई दवाई
   (c) जीका वायरस का टीका
   (d) पौधे की एक नई प्रजाति
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

20. हाल ही में भारत के पहले 'वन धन विकास केंद्र' को किस राज्य में खोले जाने के लिये मंज़ूरी प्रदान की गई?
   (a) उत्तराखंड (b) असम
   (c) छत्तीसगढ़ (d) बिहार
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

21. 'आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम' में भारत की कितनी प्रतिशत आबादी को शामिल किया गया है?
   (a) 10 प्रतिशत (b) 15 प्रतिशत
   (c) 20 प्रतिशत (d) 25 प्रतिशत
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

22. 'रूप श्री' योजना किस राज्य सरकार की योजना है?
   (a) बिहार (b) उत्तर प्रदेश
   (c) पश्चिम बंगाल (d) झारखंड
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

23. 'राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी' का पहला महानिदेशक किसे नियुक्त किया गया है?
   (a) विनीत जोशी (b) अनीता करवाल
   (c) राजेश कुमार चतुर्वेदी (d) भानु प्रताप शर्मा
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

24. वर्ष 2017 का प्रतिष्ठित 'दादा साहेब फाल्के' राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मरणोपरांत किसे दिया गया?
(a) विनोद खन्ना (b) ओमपुरी
(c) श्री देवी (d) नरेंद्र झा
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

25. वर्ष 2018 में आसियान शिखर सम्मेलन का आयोजन निम्नलिखित में से कहाँ प्रस्तावित है?
(a) सिंगापुर (b) मलेशिया
(c) म्याँमार (d) थाईलैंड
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

26. 'काँसे की नर्तकी की मूर्ति' सिंधु सभ्यता के किस स्थल से प्राप्त हुआ है?
(a) हड़प्पा (b) लोथल
(c) मोहनजोदड़ो (d) कालीबंगा
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

27. 'गणित' से संबंधित महत्त्वपूर्ण ग्रंथ 'लीलावती' के लेखक थे?
(a) आर्यभट्ट (b) भास्कर-I
(c) ब्रह्मगुप्त (d) भास्कर-II
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

28. पुराणों में 'एकराट' या 'सर्वक्षत्रांतक' जैसी उपाधि से किस मगध शासक को विभूषित किया गया है?
(a) अजातशत्रु (b) महापद्मनंद
(c) कालाशोक (d) घनानंद
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

29. 'स्वराज पार्टी' के कौन से नेता केंद्रीय विधानसभा में वर्ष 1925 में अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे?
(a) विट्ठलभाई पटेल (b) चित्तरंजन दास
(c) मोतीलाल नेहरू (d) राजेंद्र प्रसाद
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

30. 'लोकहितवादी' नाम से कौन-से समाज सुधारक विख्यात हुए?
(a) ईश्वरचंद्र विद्यासागर (b) ज्योतिबा फुले
(c) गोपाल हरि देशमुख (d) विष्णु शास्त्री पंडित
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

31. यूनानी लेखकों ने 'पालिम बोथरा' नाम से किस स्थल का उल्लेख किया है?
(a) राजगृह (b) मथुरा
(c) वाराणसी (d) पाटलिपुत्र
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

32. किस अभिलेख से चोलकालीन स्थानीय प्रशासन की जानकारी प्राप्त होती है?
(a) दामोदरपुत्र ताम्रपत्र (b) ऐहोल अभिलेख
(c) उत्तरमेरूर अभिलेख (d) हाथीगुम्फा अभिलेख
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

33. 1927 की बटलर कमेटी का उद्देश्य था-
(a) केंद्रीय एवं प्रांतीय सरकारों की अधिकारिता निश्चित करना
(b) भारत के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट की शक्तियाँ निश्चित करना
(c) राष्ट्रवादी प्रेस पर सेंसर व्यवस्था अधिरोपित करना
(d) भारत सरकार एवं देशी रियासतों के बीच संबंध सुधारना
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

34. किसने कॉन्ग्रेस की स्थापना के संदर्भ में 'सेफ्टी वॉल्व' की अवधारणा प्रतिपादित की?
(a) लाला लाजपत राय
(b) बंकिम चंद्र चटर्जी
(c) बाल गंगाधर तिलक
(d) ए.ओ. ह्यूम
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

35. 'द इकोनॉमिक हिस्ट्री ऑफ इंडिया' नामक पुस्तक किसने लिखी?
(a) दादा भाई नौरोजी (b) गोपाल कृष्ण गोखले
(c) रोमेश चंद्र दत्त (d) एम.जी. रानाडे
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

36. 'दीवान-ए-इंशा' विभाग संबंधित था-
(a) शाही पत्राचार (b) विदेशी विभाग
(c) रक्षा विभाग (d) वित्त विभाग
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

37. 1860 ई. में किसकी अध्यक्षता में नील आयोग का गठन किया गया था?
   (a) डब्ल्यू.एस. सीटनकर (b) थॉमस हॉलैंड
   (c) जॉन स्ट्रेची (d) सर जॉन साइमन
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

38. 'वल्लभी' शिक्षा केंद्र निम्नलिखित में से किस राज्य में अवस्थित था?
   (a) बंगाल (b) बिहार
   (c) गुजरात (d) तमिलनाडु
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

39. महिला भक्ति संत लल्लेश्री का संबंध किस क्षेत्र से था?
   (a) कर्नाटक (b) कश्मीर
   (c) महाराष्ट्र (d) बिहार
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

40. किस गवर्नर जनरल के काल में भारत में दास प्रथा का अंत कर दिया गया?
   (a) लॉर्ड विलियम बेंटिक (b) लॉर्ड ऑकलैंड
   (c) लॉर्ड एलनबरो (d) लॉर्ड मेटकॉफ
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

41. "यदि वर्ष में हम एक बार मेढक की तरह टर्राएँ तो हमें कुछ नहीं मिलेगा।" कॉन्ग्रेस के वार्षिक अधिवेशनों के संदर्भ में यह किसने कहा था?
   (a) लाला लाजपत राय (b) बाल गंगाधर तिलक
   (c) अरबिंद घोष (d) बिपिन चंद्र पाल
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

42. किस अधिनियम के द्वारा मुसलमानों के लिये पृथक् निर्वाचन क्षेत्रों की स्थापना की गई?
   (a) 1861 का भारत परिषद अधिनियम
   (b) 1892 का भारत परिषद अधिनियम
   (c) 1909 का भारत परिषद अधिनियम
   (d) 1919 का भारत सरकार अधिनियम
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

43. इसमें से किस शासक ने जैन संत जिनप्रभा सूरी का स्वागत किया था?
   (a) अलाउद्दीन खिलजी (b) मुहम्मद बिन तुगलक
   (c) फिरोज शाह तुगलक (d) सिकंदर लोदी
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

44. 1855 में संथालों ने किस अंग्रेज़ कमांडर को हराया था?
   (a) कैप्टन नेक फेविले (b) लेफ्टिनेंट बास्टीन
   (c) मेज़र बारो (d) कर्नल हाइट
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

45. बक्शी जगबंधु विद्याधर के नेतृत्व में पाइक विद्रोह कहाँ हुआ था?
   (a) ओडिशा (b) झारखंड
   (c) बिहार (d) मध्य प्रदेश
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

46. देशी रियासतों से संबंधित संस्था 'ऑफ इंडिया स्ट्टेस पीपुल्स कॉन्फ्रेंस' की स्थापना कब हुई थी?
   (a) 1927 (b) 1938
   (c) 1936 (d) 1929
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

47. "मात्र एक मुट्ठी बाजरे के चक्कर में मैंने अपना साम्राज्य खो दिया होता।" इस कथन का संबंध है-
   (a) मुहम्मद बिन तुगलक से
   (b) औरंगज़ेब से
   (c) शेरशाह से
   (d) अलाउद्दीन खिलजी से
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

48. अकबर के बिहार एवं बंगाल अभियान का नेतृत्व किस सेनापति ने किया था?
   (a) मुनीम खाँ (b) राजा मानसिंह
   (c) आसफ खाँ (d) हकीम खाँ सूर
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

49. अशोक के निम्नलिखित शिलालेखों में से किसमें दक्षिण भारतीय राज्यों का उल्लेख हुआ है?
   (a) पहला शिलालेख (b) तेरहवाँ शिलालेख
   (c) पाँचवा शिलालेख (d) द्वितीय शिलालेख
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

50. भारत में 1918 में प्रथम मजदूर संघ की स्थापना की
   (a) एन.एम. जोशी (b) वी.वी. वाडिया
   (c) वी.वी. गिरि (d) एस.ए. डांगे
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

51. बिहार में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा ज़िला कौन है?
(a) पूर्वी चंपारण (b) पश्चिमी चंपारण
(c) पटना (d) गया
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

52. राजगृह के स्थान पर पाटलिपुत्र को राजधानी किस शासक ने बनाया?
(a) बिंबिसार (b) अजातशत्रु
(c) उदयिन (d) शिशुनाग
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

53. अकबर द्वारा कब और किसे बिहार का गवर्नर नियुक्त किया गया?
(a) 1580 में, मुनीम खाँ
(b) 1564 में, सुलेमान करारानी
(c) 1576 में, परवेज
(d) 1587 में, हसन खाँ
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

54. खरवार विद्रोह का नेतृत्वकर्ता कौन था?
(a) दशरथ माँझी (b) भागीरथ माँझी
(c) भैरव माँझी (d) चाँदा माँझी
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

55. असहयोग आंदोलन के दौरान अदालतों के बहिष्कार के संबंध में इस्तीफा देने वाले वकीलों में से इनमें से कौन नहीं थे?
(a) मथुरा प्रसाद (b) ब्रजकिशोर प्रसाद
(c) श्रीकृष्ण सिंह (d) जयप्रकाश नारायण
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

56. भौगोलिक स्थिति के अनुसार बिहार की उत्तर से दक्षिण तक अधिकतम लंबाई एवं पूरब से पश्चिम तक अधिकतम चौड़ाई कितनी है?
(a) 480 किमी., 345 किमी.
(b) 345 किमी., 483 किमी.
(c) 495 किमी., 390 किमी.
(d) 390 किमी., 495 किमी.
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

57. ग्रीष्म ऋतु के दौरान मार्च से जून के मध्य तक बिहार के किस ज़िले में सबसे गर्म स्थान रहता है?
(a) मुज़फ्फरपुर (b) पटना
(c) भागलपुर (d) गया
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

58. घाघरा नदी का प्रवेश बिहार के किस ज़िले से होता है?
(a) सीवान (b) सारण
(c) भागपलपुर (d) किशनगंज
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

59. रागी (मड़ुआ) का सर्वाधिक उत्पादन बिहार के किस ज़िले से होता है?
(a) पूर्वी चंपारण (b) पश्चिमी चंपारण
(c) पटना (d) दरभंगा
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

60. कुशेश्वर स्थान पक्षी अभयारण्य बिहार में किस स्थान पर है?
(a) दरभंगा (b) सीतामढ़ी
(c) शिवहर (d) जमुई
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

61. 'पायराइट फार्स्फेट एंड केमिकल्स लिमिटेड' (PPCL) की स्थापना किस ज़िले के अंतर्गत की गई है?
(a) भभुआ (b) अरवल
(c) रोहतास (d) किशनगंज
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

62. चीनी उत्पादन की मात्रा की दृष्टि से बिहार का स्थान कौन-सा है?
(a) 5वाँ (b) 7वाँ
(c) 8वाँ (d) 9वाँ
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

63. बिहार के कुल बिजली उत्पादन में ताप विद्युत का हिस्सा लगभग कितना है?
(a) 72% (b) 82%
(c) 92% (d) 65%
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

64. 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार में सर्वाधिक एवं न्यूनतम जनसंख्या वाला ज़िला क्रमशः है-
   (a) पटना, शेखपुरा
   (b) पश्चिमी चंपारण, शिवहर
   (c) पूर्वी चंपारण, अरवल
   (d) मुज़फ्फरपुर, लखीसराय
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

65. बिहार विधानपरिषद एवं विधानसभा में सदस्यों की संख्या क्रमशः है-
   (a) 240, 75   (b) 77, 243
   (c) 75, 243   (d) 75, 250
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

66. वर्तमान में बिहार में नगर निगमों की संख्या कितनी है?
   (a) 16   (b) 12
   (c) 18   (d) 21
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

67. कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय कब और कहाँ स्थापित हुआ?
   (a) 1961, भागलपुर   (b) 1965, नालंदा
   (c) 1961, दरभंगा   (d) 1972 , वैशाली
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

68. वैशाली में बौद्ध धर्म का द्वितीय सम्मेलन किसके नेतृत्व में हुआ?
   (a) कालाशोक   (b) अशोक
   (c) अजातशत्रु   (d) कनिष्क
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

69. बिहार में गुप्तकाल की कला का संबंध किस शैली से था?
   (a) गांधार शैली   (b) मथुरा शैली
   (c) बेसर शैली   (d) नागर शैली
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

70. 'बिहार गौरव सम्मान' का पहला पुरस्कार किसे दिया गया?
   (a) शितिकंठ   (b) रामाकांत
   (c) जगन्नाथ   (d) परेश मैती
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

71. बिहार सरकार द्वारा संचालित 'कुशल युवा कार्यक्रम' की शुरुआत कब की गई?
   (a) 26 जनवरी, 2015   (b) 2 अक्टूबर, 2016
   (c) 15 अगस्त, 2017   (d) 30 जनवरी, 2018
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

72. बिहार के शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन हेतु दिव्यांगों के लिये कितने प्रतिशत के आरक्षण का प्रावधान है?
   (a) 3%   (b) 5%
   (c) 4%   (d) 6%
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

73. जयप्रकाश नारायण का जन्म किस ज़िले में हुआ था?
   (a) सीवान   (b) सारण
   (c) लखीसराय   (d) जहानाबाद
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

74. बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 कब से प्रभावी है?
   (a) 2 अक्टूबर, 2016   (b) 25 अगस्त, 2016
   (c) 12 जनवरी, 2016   (d) 26 जनवरी, 2016
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

75. चंपारण सत्याग्रह के दौरान गांधीजी के सहयोगियों में इनमें से कौन नहीं थे?
   (a) ब्रजकिशोर   (b) नरहरि पारिख
   (c) जे.बी. कृपलानी   (d) अल्लादि कृष्ण अय्यर
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

76. सही युग्म सुम्मेलित करें-

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (A) | अखिल भारतीय सेवाएँ | (i) | अनुच्छेद-312 |
| (B) | वित्त आयोग | (ii) | अनुच्छेद-280 |
| (C) | अंतर्राज्यीय परिषद | (iii) | अनुच्छेद-263 |
| (D) | निर्वाचन आयोग | (iv) | अनुच्छेद-324 |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (b) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (c) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (d) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

77. भारतीय संविधान की प्रस्तावना के सिलसिले में निम्नलिखित में कौन-सा क्रम सही है-
    (a) गणतंत्र, जनवादी, धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी, सार्वभौम सत्ता संपन्न
    (b) सार्वभौम सत्ता संपन्न, समाजवादी, जनवादी, धर्मनिरपेक्ष, गणतंत्र
    (c) सार्वभौम सत्ता संपन्न, जनवादी, धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी, गणतंत्र
    (d) सार्वभौम सत्ता संपन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, जनवादी, गणतंत्र
    (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

78. निम्नलिखित में से किस संघ राज्य क्षेत्र में मुख्यमंत्री का पद है?
    (a) दमन व दीव (b) पुदुच्चेरी
    (c) चंडीगढ़ (d) दादरा व नागर हवेली
    (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

79. वर्ष 1953 में गठित राज्य पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष थे?
    (a) हृदयनाथ कुंजरू
    (b) जी.वी. मावलंकर
    (c) फजल अली
    (d) सरदार वल्लभ भाई पटेल
    (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

80. निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद संसद को नागरिकता के संबंध में विधि बनाने की शक्ति प्रदान करता है?
    (a) अनुच्छेद-8 (b) अनुच्छेद-9
    (c) अनुच्छेद-10 (d) अनुच्छेद-11
    (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

81. सर्वोच्च न्यायालय ने किस अनुच्छेद के तहत निजता के अधिकार को मूल अधिकार के रूप में मान्यता दी है?
    (a) अनुच्छेद 19 व 21 (b) अनुच्छेद 5 व 7
    (c) अनुच्छेद 9 व 13 (d) अनुच्छेद 14 व 17
    (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

82. संविधान में मौलिक कर्त्तव्यों को कब सम्मिलित किया गया?
    (a) 1975 में (b) 1976 में
    (c) 1978 में (d) 1979 में
    (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

83. केंद्र की मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से किसके प्रति उत्तरदायी होती है?
    (a) राज्यसभा (b) लोकसभा
    (c) प्रधानमंत्री (d) राष्ट्रपति
    (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

84. भारत में कार्यपालिका का संवैधानिक प्रधान है?
    (a) प्रधानमंत्री
    (b) राष्ट्रपति
    (c) राज्यपाल
    (d) सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
    (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

85. लोकसभा व राज्यसभा की संयुक्त बैठक किसके द्वारा आहूत की जाती है-
    (a) राष्ट्रपति द्वारा
    (b) लोकसभा के अध्यक्ष द्वारा
    (c) प्रधानमंत्री द्वारा
    (d) राज्यसभा के सभापति द्वारा
    (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

86. कानूनी विषयों पर राज्य सरकार को कौन परामर्श देता है?
    (a) महान्यायवादी
    (b) उच्च न्यायालय का न्यायाधीश
    (c) महाधिवक्ता
    (d) राज्यपाल
    (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

87. वह कौन सी सभा है, जिसका अध्यक्ष उस सदन का सदस्य नहीं होता है?
    (a) लोकसभा (b) राज्यसभा
    (c) विधानसभा (d) विधानपरिषद
    (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

88. लोकसभा अध्यक्ष अपना त्यागपत्र किसे सौंपता है?
    (a) राष्ट्रपति
    (b) प्रधानमंत्री
    (c) लोकसभा उपाध्यक्ष को
    (d) उपराष्ट्रपति
    (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

89. राज्य विधायिका के संबंध में धन विधेयक संबंधी विशेष प्रक्रिया के प्रावधान किस अनुच्छेद में है?
(a) अनुच्छेद 199 (b) अनुच्छेद 198
(c) अनुच्छेद 109 (d) अनुच्छेद 110
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

90. उच्च न्यायालय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत रिट जारी कर सकता है?
(a) अनुच्छेद 32 (b) अनुच्छेद 226
(c) अनुच्छेद 263 (d) अनुच्छेद 280
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

91. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी कर्क रेखा को दो बार काटती है?
(a) कांगो नदी (b) माही नदी
(c) लिम्पोपो नदी (d) अमेजन नदी
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

92. 'ग्रेट बैरियर रीफ' स्थित है-
(a) एशिया में (b) ऑस्ट्रेलिया में
(c) यूरोप में (d) अफ्रीका में
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

93. माउंट पोपा ज्वालामुखी अवस्थित है-
(a) इंडोनेशिया में (b) म्याँमार में
(c) चीन में (d) रूस में
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

94. निम्नलिखित में से कौन-सा वन (जंगल) 'पृथ्वी का फेफड़ा' के रूप में जाना जाता है?
(a) टैगा वन (b) टुंड्रा वन
(c) अमेजन वर्षा वन (d) सवाना वन
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

95. स्वर्ण खनन से संबंधित है-
(a) जोहांसबर्ग (b) लंदन
(c) सिडनी (d) दुबई
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

96. माओरी जनजाति का निवास क्षेत्र है-
(a) कनाडा (b) सऊदी अरब
(c) चीन (d) न्यूज़ीलैंड
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

97. कर्क रेखा का भारत में पश्चिम से पूर्व गुज़रने का सही क्रम है-
(a) राजस्थान, गुजरात, पश्चिम बंगाल, झारखंड
(b) गुजरात, झारखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश
(c) गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़
(d) मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, राजस्थान
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

98. निम्नलिखित में से किस राज्य की अन्य देशों से भौगोलिक सीमाएँ नहीं जुड़ी हुई हैं?
(a) राजस्थान (b) बिहार
(c) पंजाब (d) हरियाणा
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

99. रोहतांग दर्रा किस राज्य में अवस्थित है?
(a) जम्मू व कश्मीर (b) पंजाब
(c) सिक्किम (d) हिमाचल प्रदेश
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

100. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र शांत घाटी से संबंधित है?
(a) पंजाब (b) उत्तराखंड
(c) केरल (d) मेघालय
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

101. श्रीहरिकोटा द्वीप किस राज्य में स्थित है?
(a) ओडिशा (b) केरल
(c) आंध्रप्रदेश (d) तमिलनाडु
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

102. सिंधु की सहायक नदियाँ हैं-
(a) झेलम, चिनाब, रावी, व्यास और सतलुज
(b) गंगा, झेलम, काबुल, यमुना और सोन
(c) रावी, व्यास, घाघरा, गंडक और चिनाब
(d) सतलुज, यमुना, गोमती, रावी और व्यास
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

103. निम्नलिखित में से भारत में सर्वाधिक वर्षा वाला क्षेत्र है-
(a) पश्चिमी घाट, हिमालय क्षेत्र तथा मेघालय
(b) उत्तर प्रदेश, हरियाणा तथा पंजाब
(c) पश्चिमी राजस्थान, मध्य प्रदेश तथा बिहार
(d) आंध्र प्रदेश, ओडिशा तथा छत्तीसगढ़
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

104. वन रिपोर्ट, 2017 के अनुसार सर्वाधिक वनावरण प्रतिशतता वाला राज्य है?
(a) बिहार (b) पंजाब
(c) हरियाणा (d) मिज़ोरम
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

105. कौन-सी मृदा कपास की खेती के लिये सबसे उपयुक्त होती है?
(a) लाल (b) काली
(c) जलोढ़ (d) लैटेराइट
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

106. भारत का सर्वाधिक पटसन उत्पादक राज्य है?
(a) बिहार (b) पश्चिम बंगाल
(c) ओडिशा (d) उत्तर प्रदेश
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

107. अभ्रक का शीर्ष उत्पादक राज्य है?
(a) झारखंड (b) राजस्थान
(c) आंध्रप्रदेश (d) बिहार
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

108. पूर्व-मध्य रेलवे का मुख्यालय है?
(a) गोरखपुर (b) हाजीपुर
(c) इलाहाबाद (d) कोलकाता
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

109. 'कारोबार सुगमता सूचकांक' निम्नलिखित में से किस अंतर्राष्ट्रीय संस्था द्वारा जारी किया जाता है?
(a) विश्व बैंक (b) अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष
(c) विश्व व्यापार संगठन (d) अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

110. किसी देश की आर्थिक वृद्धि की सर्वाधिक उपयुक्त माप है-
(a) सकल घरेलू उत्पाद (b) शुद्ध घरेलू उत्पाद
(c) शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (d) प्रति व्यक्ति उत्पाद
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

111. 'अनवरत योजना' की अवधारणा को निम्नलिखित में से किसने प्रस्तुत किया था?
(a) गुन्नार मिर्डेल (b) डब्ल्यू.ए. लेविस
(c) आर. नर्कसे (d) ए. सैमुअलसन
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

112. नरेगा को मनरेगा नाम कब दिया गया?
(a) 2 अक्टूबर, 2007 को
(b) 2 फरवरी, 2008 को
(c) 2 अक्टूबर, 2009 को
(d) 2 अक्टूबर, 2010 को
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

113. न्यूनतम समर्थन मूल्य का निर्धारक है-
(a) राज्य सरकार
(b) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
(c) कृषि लागत एवं मूल्य आयोग
(d) केंद्र सरकार
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

114. स्वतंत्र भारत की प्रथम औद्योगिक नीति की घोषणा कब की गई थी?
(a) 1947 में (b) 1956 में
(c) 1948 में (d) 1950 में
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

115. भारत में मुद्रा संबंधी नोटों की निर्गमन प्रणाली आधारित है-
(a) आनुपातिक कोष प्रणाली पर
(b) न्यूनतम कोष प्रणाली पर
(c) स्थिर विनिमय दर प्रणाली पर
(d) पूर्ण परिवर्तनशील प्रणाली पर
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

116. बिहार राज्य का बजट आकार 2018-19 के लिये कितना हो गया है?
(a) 23,885 करोड़ (b) 1.60 लाख करोड़
(c) 1,76,990 करोड़ (d) 1,99,000 करोड़
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

117. वर्ष 2018-19 में वेतन, पेंशन, ब्याज भुगतान एवं ऋण वापसी पर बिहार सरकार के कुल व्यय होंगे-
(a) 80,551 करोड़ (b) 50,551 करोड़
(c) 65,650 करोड़ (d) 90,990 करोड़
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

118. राजकोषीय घाटा है-
(a) कुल व्यय - कुल प्राप्तियाँ
(b) राजस्व व्यय - राजस्व प्राप्तियाँ
(c) पूँजीगत व्यय - पूँजीगत प्राप्तियाँ
(d) बजटीय घाटे का योग और सरकार का बाजार ऋण तथा दायित्व
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

119. विशेष आर्थिक ज़ोन (SEZ) अधिनियम संसद द्वारा कब पारित किया गया?
(a) 2006 (b) 2008
(c) 2005 (d) 2007
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

120. पार्टिसिपेटरी नोट्स (P-Notes) निम्नलिखित में से किस एक से संबंधित हैं?
(a) भारत की संचित निधि
(b) विदेशी संस्थागत निवेश
(c) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
(d) क्योटो प्रोटोकॉल
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

121. फलीदार पादपों की जड़ों में उपस्थित गाँठों में पाए जाने वाले नत्रजन स्थिरीकरण जीवाणु हैं-
(a) मृतोपजीवी (b) पराश्रयी
(c) सहजीवी (d) प्रोटोपघटनी
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

122. सिनकोना के किस भाग से औषधि का निर्माण होता है?
(a) भ्रूणपोष (b) फलभित्ति
(c) छाल (d) पत्तियाँ
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

123. अधिकांश कीट किस प्रकार श्वास ग्रहण करते हैं?
(a) त्वचा के द्वारा
(b) गलफड़ के द्वारा
(c) फेफड़े के द्वारा
(d) ट्रेकिया प्रणाली के द्वारा
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

124. पौधों में 'जाइलम मुख्यत:' जिम्मेवार है-
(a) आहार-वहन के लिये
(b) जल-वहन के लिये
(c) अमीनो अम्ल वहन के लिये
(d) ऑक्सीजन वहन के लिये
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

125. मानव शरीर का तापक्रम-
(a) जाड़ों में घट जाता है।
(b) गर्मियों में बढ़ जाता है।
(c) न ही जाड़ों में घटता है और न ही गर्मियों में बढ़ता है।
(d) जाड़ों में बढ़ जाता है।
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

126. वसा में घुलनशील विटामिन निम्नलिखित में से कौन-से हैं?
(a) टोकोफेरॉल, निआसिन, सायनोकोबालामिन
(b) कैल्सीफेरॉल, कैरोटिन, टोकोफेरॉल
(c) एस्कार्बिक एसिड, कैल्सीफेरॉल, राइबोफ्लेविन
(d) थायमिन कैरोटिन, बायोटिन
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

127. पसीना शरीर को ठंडा करता है, क्योंकि-
(a) त्वचा पर पानी की मौजूदगी शीतलता देती है।
(b) वाष्पीकरण के लिये गुप्त ऊष्मा की आवश्यकता होती है।
(c) पानी की विशिष्ट ऊष्मा उच्च होती है।
(d) पानी ऊष्मा का हीन चालक है।
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

128. खसरा रोग का कारक क्या है?
(a) जीवाणु (b) विषाणु
(c) प्रोटोजोआ (d) कृमि
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

129. ल्यूकेमिया एक प्रकार का कैंसर है, जिसमें असाधारण बढ़ोतरी होती है-
(a) अस्थि कोशिकाओं की संख्या में
(b) प्लेटलेट की संख्या में
(c) लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या में
(d) श्वेत रक्त कोशिकाओं की संख्या में
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

130. 'प्रतिरक्षण तकनीक' का विकास किसने किया था?
(a) लुई पाश्चर (b) रॉबर्ट कोच
(c) जोसेफ लिस्टर (d) एडवर्ड जेनर
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

131. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही सुमेलित नहीं है?
(a) फूलों की खेती - फ्लोरीकल्चर
(b) फसलों की खेती - एग्रोनॉमी
(c) सब्ज़ियों की खेती - हॉर्टीकल्चर
(d) फलों की खेती - पोमोलॉजी
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

132. हार्मोन का उदाहरण है-
(a) ऑक्सीटोसिन (b) रेनिन
(c) पेपरीन (d) साइटोसिन
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

133. श्वसन का नियंत्रण मस्तिष्क के किस भाग से किया जाता है?
(a) अध:श्चेतक (b) अनुमस्तिष्क
(c) मेडुला ऑब्लागेटा (d) घ्राण पालि
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

134. निम्नलिखित में से कौन संपीडित प्राकृतिक गैस में अनुपस्थित होती है?
(a) इथेन (b) ब्यूटेन
(c) कार्बन डाइऑक्साइड (d) मीथेन
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

135. खाद्य-पदार्थों के परिरक्षण के लिये प्रयोग में लाया जाने वाला रसायन है-
(a) सोडियम क्लोराइड (b) कास्टिक सोडा
(c) सोडियम बेंजोएट (d) गंधक का अम्ल
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

136. पैराफिन किसका उपोत्पाद है?
(a) पेट्रोलियम परिशोधन का
(b) कृषक अपशिष्टों के संसाधन का
(c) मधुमक्खी पालन उद्योगों का
(d) चमड़ा उद्योग का
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

137. नाखून पॉलिश परिमार्जन (Remover) में क्या रहता है?
(a) एसिटोन (b) बेंजीन
(c) पेट्रोलियम ईथर (d) एसीटिक अम्ल
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

138. ऊष्मा के सर्वोत्तम एवं निकृष्टतम चालक क्रमशः हैं-
(a) चांदी एवं स्वर्ण
(b) चांदी एवं सीसा
(c) ताम्र एवं अल्युमिनियम
(d) ताम्र एवं स्वर्ण
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

139. एक्स-रे का आविष्कार किसने किया था?
(a) हॉपकिन्स (b) रॉन्टजन
(c) मार्कोनी (d) मोर्स
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

140. बिजली के बल्ब का फिलामेंट निम्नलिखित में से किससे बना होता है?
(a) कॉपर (b) आयरन
(c) लेड (d) टंगस्टन
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

141. राम कुछ कार्डों पर 1 से 25 तक गिनती लिखता है। वह गिनती इस तरह लिखता है कि एक कार्ड पर एक ही अंक (Digit) लिखा जा सकेगा। अत: कुछ संख्याओं को लिखने के लिये दो कार्डों की ज़रूरत पड़ती है। अब कार्डों के झुंड में से एक कार्ड को यादृच्छया निकाला जाता है। क्या प्रायिकता है कि उस कार्ड पर शून्य लिखा है?
(a) $\frac{2}{25}$ (b) $\frac{1}{41}$
(c) $\frac{4}{25}$ (d) $\frac{2}{41}$
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

142. यदि $^{n}P_4 = 20 \times {}^{n}P_2$ हो तो n का मान क्या है?
(a) 7 (b) 5
(c) –5 (d) 0
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

143. एक दुकानदार किसी वस्तु का विक्रय उसके क्रय मूल्य पर ही करता है, परंतु 1000 ग्राम के स्थान पर केवल 800 ग्राम ही देता है। दुकानदार द्वारा प्राप्त % लाभ कितना है?

(a) 25% (b) 20%
(c) 30% (d) 35%
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

144. यदि किसी संख्या को इसके आधे के वर्ग में से घटाया जाता है तो परिणाम 48 आता है। निम्न में से कौन संख्या के वर्गमूल को व्यक्त करता है?

(a) 8 (b) 6
(c) 4 (d) 2
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

145. यदि '+' का अर्थ '÷', '–' का अर्थ '×', ÷ का अर्थ '–' और '×' का अर्थ '+' हो तो $8+6\div4-7\times3=?$

(a) $\frac{42}{3}$ (b) $-\frac{71}{3}$
(c) 12 (d) $-\frac{23}{2}$
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

146. चित्रों (i), (ii) में एक पासा की दो स्थितियाँ दर्शाई गई हैं। संख्या 5 की सतह की विपरीत सतह पर कौन-सी संख्या दिखेगी?




(i) (ii)

(a) 1 (b) 3
(c) 4 (d) 2
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

147. यदि $FED\times3=1629$ तथा $BCD\times4=492$ तो $BEF\times5$ का मान नीचे दिये गए विकल्पों में से कौन-सा होगा?

(a) 1280 (b) 640
(c) 625 (d) 725
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

148. यदि $\tan A=\frac{3}{4}$, तो $\cos^2A-\sin^2A=?$

(a) $\frac{16}{25}$
(b) $\frac{9}{25}$
(c) $\frac{7}{25}$
(d) 1
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

149. यदि $\begin{vmatrix}1 & 3 & 5\\ K & 5 & 7\\ 3 & 9 & 1\end{vmatrix}=0$, तो K का मान है-

(a) 0 (b) 2
(c) $\frac{5}{3}$ (d) 1
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

150. $\int\frac{dx}{\sqrt{2ax-x^2}}=a^n\sin^{-1}\left[\frac{x}{a}-1\right]$ तो n का मान क्या होगा-

(a) –1 (b) 1
(c) 0 (d) 2
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

# बिहार लोक सेवा आयोग 63वीं प्रारंभिक परीक्षा-2018

## मॉडल पेपर-1 (सामान्य अध्ययन)

### उत्तरमाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 39. | (b) | 77. | (d) | 115. | (b) |
| 2. | (b) | 40. | (c) | 78. | (b) | 116. | (c) |
| 3. | (a) | 41. | (b) | 79. | (c) | 117. | (a) |
| 4. | (a) | 42. | (c) | 80. | (d) | 118. | (d) |
| 5. | (b) | 43. | (b) | 81. | (a) | 119. | (c) |
| 6. | (c) | 44. | (c) | 82. | (b) | 120. | (b) |
| 7. | (b) | 45. | (a) | 83. | (b) | 121. | (c) |
| 8. | (b) | 46. | (a) | 84. | (b) | 122. | (c) |
| 9. | (c) | 47. | (c) | 85. | (a) | 123. | (d) |
| 10. | (a) | 48. | (a) | 86. | (c) | 124. | (b) |
| 11. | (c) | 49. | (d) | 87. | (b) | 125. | (c) |
| 12. | (b) | 50. | (b) | 88. | (c) | 126. | (b) |
| 13. | (c) | 51. | (b) | 89. | (b) | 127. | (b) |
| 14. | (a) | 52. | (c) | 90. | (b) | 128. | (b) |
| 15. | (c) | 53. | (a) | 91. | (b) | 129. | (d) |
| 16. | (b) | 54. | (b) | 92. | (b) | 130. | (d) |
| 17. | (a) | 55. | (d) | 93. | (b) | 131. | (c) |
| 18. | (d) | 56. | (b) | 94. | (c) | 132. | (a) |
| 19. | (a) | 57. | (d) | 95. | (a) | 133. | (c) |
| 20. | (c) | 58. | (a) | 96. | (d) | 134. | (c) |
| 21. | (b) | 59. | (d) | 97. | (c) | 135. | (c) |
| 22. | (c) | 60. | (a) | 98. | (d) | 136. | (a) |
| 23. | (a) | 61. | (c) | 99. | (d) | 137. | (a) |
| 24. | (a) | 62. | (a) | 100. | (c) | 138. | (b) |
| 25. | (a) | 63. | (b) | 101. | (c) | 139. | (b) |
| 26. | (c) | 64. | (a) | 102. | (a) | 140. | (d) |
| 27. | (d) | 65. | (c) | 103. | (a) | 141. | (d) |
| 28. | (b) | 66. | (b) | 104. | (d) | 142. | (a) |
| 29. | (a) | 67. | (c) | 105. | (b) | 143. | (a) |
| 30. | (c) | 68. | (a) | 106. | (b) | 144. | (c) |
| 31. | (d) | 69. | (b) | 107. | (c) | 145. | (b) |
| 32. | (c) | 70. | (a) | 108. | (b) | 146. | (c) |
| 33. | (d) | 71. | (b) | 109. | (a) | 147. | (d) |
| 34. | (a) | 72. | (c) | 110. | (d) | 148. | (c) |
| 35. | (c) | 73. | (b) | 111. | (a) | 149. | (c) |
| 36. | (a) | 74. | (a) | 112. | (c) | 150. | (c) |
| 37. | (a) | 75. | (d) | 113. | (c) | | |
| 38. | (c) | 76. | (d) | 114. | (c) | | |